# बिहार विधान परिषद

**206वां बजट सत्र**

## 22 फरवरी 2024

----

: **[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

**कुल प्रश्न 27**

----

### पदस्थापित करने पर विचार

*88 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण, मोतिहारी जिला में कार्यरत मोतिहारी जिला बल के सिपाही 02, रामाकांत सिहं अनेक गंभीर जनलेवा बीमारियों से ग्रस्त हैं तथा उनकी सेवा लगभग दो साल शेष है;

(ख) क्या यह सही है कि पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चंपारण के पत्रांक 77, दिनांक 10.01.2023, पत्रांक 2888, दिनांक 14.09.2022, पत्रांक 3156, दिनांक 10.10.2022 पत्रांक 710, दिनांक 01.12.2022, के द्वारा पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी ने सिपाही रामाकांत सिंह एवं उनके परिवारजनों के आवेदन के आलोक में पुलिस मुख्यालय को उनकी सेवा मोतिहारी जिले में ही या बेतिया/मुजफ्फरपुर में बने रहने देने की अनुशंसा की है;

(ग) क्या यह सही है कि सेवानिवृत्ति के दो साल पूर्व बिहार सरकार के कर्मचारियों से उनके ऐच्छिक स्थानांतरण का प्रावधान है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सिपाही रामाकांत सिंह की जानलेवा बीमारियों को देखते हुए उन्हें पूर्वी चंपारण में ही पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदी हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## ढालाकी मरम्मति

***89 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला अन्तर्गत धनकौल बांध से कटैया बांध तक बांध के दोनो तरफ का ढा्ला टूटे एवं जर्जर होने कारण बांध के किनारे बसे गांव के ग्रामीणों को आने –जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्कमक है तो सरकार उक्त बांध के ढाला का मरम्मती एवं ईट सोलिंग कार्य ध्करान‍े की विचार रखती है यदि हां तो कब तक ?

----

## पईन की उड़ाती कब तक

***90 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर प्रखंड अंचल के मौजा कंडी अंतर्गत थाना नं.-190, चादर न.- 01 के पुराना प्लॉट नं. 608, 609, 650,1275, 43, 56, नया प्लॅाट नं.-1081,1082,194,195, 304,173, 888, 887 सरकारी पईन है जिसकी उड़ाती नही होने से उसका अस्तित्व समापत्त हो चुका हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्कत पईन, जो करीब पांच किलोमीटर से अधिक लम्मबी है, की वर्षो से उड़ती नहीं की गयी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर सवीकारत्तमक है, तो सरकार खंड ‘क’ में वर्णित पईन की उड़ाही कब कराना चाहती है ?

----

## नदी के गाद की सफाई

***91 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखंड के खिरोई नदी से धौंस नदी तक बोढनद बरसाती नदी में गाद की सफाई नही होने के कारण बाढ़ के समय हजारों किसानों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उपरोक्त नदी के गाद की सफाई कब तक करवाएगी, नही तो क्यों?

----

## मानदेय की बढ़ोत्तरी

*92 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है बिहार राज्य में नि: शक्ताता पेंशन योजना अर्थात सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत संचालित बिहार विकलांग पेशन योजना 2022 योजना है;

(ख) क्या यह सही है कि इस योजना के तहत बिहार की 40% से अधिक दिव्यांग रहने वाले महिलाओं या पुरुषों को हर महीने 400रु की पेंशन दी जाती है;

(ग) क्या यह सही है कि दिव्यांगजनो को पेंशन के रुप में मिलने वाली राशि पर्याप्त नही है, जिस कारण इन्हें जीवनयापन करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में मिलने वाली राशि को बढ़ाकर एक हजार रुपया करना चाहती है, यदी हॉ तो कब तक नही तो क्यों?

----

## नये मंडल कारा का निर्माण

*93 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है, कि मंडल कारा छपरा शहर के बीचो-बीच सघन आबादी के इलाके में स्थित है,

(ख) क्या यह सही है, कि मंडल कारा में कैदियों की संख्या निर्धारित संख्या से बहुत ज्यादा है;

(ग) यदि खंड 'क' एवं 'ख' का उत्तर सवीकारात्मक है, तो सरकार शहर से दूर आज की कैदी संख्या को ध्यानस्थ रखते हुए नये मंडल कारा का निर्माण करवाना चाहती है, अगर हॉ, तो कब तक?

----

## उचित मुआवजा

*94 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि दिनांक 15/01/2024 को औरंगाबाद जिला अन्तर्गत नबीनगर के तेतरिया मोड़ पर एक भीड़ ने 2 व्यक्तियों (अंजार मंसूरी तथा मुजाहिद राइन) की पीट-पीट कर हत्या कर दी एक व्यक्ति(अरमान) की अस्पताल ले जाने के दौरन रास्ते में मृत्यु हो गई तथा मुकेश चौहन द्वारा चलाई गई गोली का शिकार एक व्यक्ति(राम शरण चौहान) हो गए;

(ख) क्या यह सही है कि अजीत शर्मा और वकील अंसारी भी इस भीड़ का शिकार हुए जो घायल अवस्था में मगध मेडिकल कालेज अस्पताल गया में इलाजरत हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर सवीकारात्मक हैं तो क्या सरकार मारे गए व्यक्तियों मो० अरमान, अंजार मंसूरी, मुजाहिद राईन एवं रामशरण चौहान तथा घायल व्यक्तियों अजीत शर्मा और वकील अंसारी को उचित मुआवजा तथा इंसाफ देने का विचार रखती है, यदि है, अगर हॉ, तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान

*95 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी जेलों में बंद कैदियों श्रम के बदले दी जानेवाली राशि का भुगतान बंदियों के परिवारजनों के बैंकखाता में ऑनलाइन नही किया जाता है;

(ख) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार यह व्यवस्था करेगी कि कैदियों के श्रम के बदले ली जानेवाली राशि का भुगतान बंदियों के परिवारजनों के बैकखाता में ऑनलाइन किया जाए, यदि हां तो कबतक ?

----

## डैम का निर्माण

*96 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के अकबरपुर प्रखंड के निकट जोब नदी स्थित है जिसकी पानी सदर पैन पॉती एवं अन्य पचास गॉवो हो कर गुजरती है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम पॉती स्थित सदर पैन में चैक डैम का निर्मान होने से लगभग हजारों एकड़ भूमि सिंचाई करने के योग्य हो सकते है;

(ग) उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किसानों के हित में ग्राम पॅाती स्थित सदर पैन में चैक डैम का निर्मान कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक ,नही तो क्यों?

----

## अपराधी की गिरफ्तारी

***97 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सही है कि श्री किशोर सल्हैता, पूर्व मुखिया तथा जनता दल (यूनाईटेड) के स्थानीय नेता, ग्राम-नहरी, प्रखंड-खुटौना, थाना-लौकहा, जिला –मधुबनी के उपर अगसत 2022 में अपराधियों ने गोली मारकर जानलेवा हमला किया था, जिस आलोक में लौकहा थाना कांड संख्या-219/22 दिनांक-06.08.2022 अंकित किया गया;

(ख) क्या यह बात सही है कि अभी तक किसी अपराधी की गिफ्फतारी नहीं हो सकती है;

(ग) क्या यह बात सही है कि स्थानीय पुलिस ने प्रारंभ से ही अबतक इस मामले में शिथिलता और निष्क्रियता बरती है;

(घ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो पुलिस की ऐसी निष्क्रियता एवं उदासीनता बरतने का क्या औचित्य है, और, क्या, सरकार अब भी अपराधियों एवं दोषियों का पता लगाकर उसको गिरफ्तार करने का विचार रखती है; यदि हाँ तो कब तक, और नहीं तो क्यों?

----

## इलेक्ट्रिक बसें परिचालन

***98 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के दरभंगा डिपो की अधिकतर बसें खराब हो गई है एवं बसों की मरम्मती या नयी इलेक्ट्रिक बसों के अभाव के कारण दरभंगा के यात्रियों को काफी कठिनाइयाँ होती है;

(ख) क्या यह सही है बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के दरभंगा डिपो की अधिकतर बसें खराब हो क्या यह सही है बिहार राज्य में भी बहुत सारी इलेक्ट्रिक बसें सरकार द्वारा चलाई जा रही है, यह सरकार की पर्यावरण के प्रति जागरुकता का प्रामण है, परन्तु अब भी राज्य के कई शहरों में इलेक्ट्रिक बसें संचालित नही हो पा रही

हैं;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बसें की मरम्मती या नयी इलेक्ट्रिक बसें के संचालित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ,नही तो क्यों?

----

## थाना का निर्माण

*99 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के मोहरा प्रखंड कजूर में प्रखण्ड मुख्यालय में एक अलग थाना का अधेसूिचना नहीं किया किया गया है । प्रखंड का 26 वर्ष बीत चुका है; परन्तु थाना प्रखंड मुख्यालय के आसपास में रहना अनिवार्य है; या पुलिस चैकी रहना जरुरी है;

(ख) क्या यह सही है कि 1999 से यह मांग किया जाता रहा है लेकिन अभी तक थाना का निर्मान नही हो सका है जिससे ग्रामीणों में भय है; एवं समुदाय स्वास्थय केन्द्र में है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार मोहरा प्रखंड में इस वित्तीय वर्ष में थाना का निर्माण कराना चाहती है , यदी हां तो कबतक ? नही तो क्यों ?

----

## गाद की सफाई

*100 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दक्षिण पटना जिला की प्रमुख नदियों में मोरहर नदी भी है;

(ख) क्या यह सही है कि मोरहर नदी को दो भागों अर्थात् लोअर मोरहर एवं अपर मोरहर के नाम से जाना जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि लोअर मोरहर नदी में पूरी तरह से गाद जाम हो चुका है, जिससे जगह-जगह अतिक्रमण हो रहा है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त समस्या से सरकार को पहले भी अवगत कराया जा चुका है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोअर मोरहर की गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नही तो क्यों ?

----

## पुल निर्माण का विचार कब-तक

*101 **डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिले के छातापुर प्रखंड की मुहम्मदगंज पंचायत के वार्ड नं०-2 में मुरलीगंज बेतरनी नहर में 74 आर डी के पास पुल निर्माण नहीं होने से यातायात में मुश्किलें आ रही है;

(ख) क्या यह सही है कि मुरलीगंज बेतरनी नहर के 74 आर डी के पास पुल निर्माण की मांग वरसों से लम्बित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छातापुर प्रखण्ड के मुहम्मद गंज पंचायत के वार्ड नं०-2 में मुरलीगंज बेतरनी नहर के 74 आर डी के पास पुल निर्माण का विचार रखती है,यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## मही नदी पर पुल का निर्माण

*102 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखण्ड तरैया के पंचायत डेबढी के समीप मही नदी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नदी पर पुल नहीं होने के कारण समीप के गांव क्रमशः सरेया वसंत,घोगराहा, रामपुर केशव, रामपुर महेश के बच्चों को प्रतिदिन बिजली पोल के सहारे मही नदी पार कर निकट के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त स्थान पर पुल नही होने के कारण बरसात के समय अप्रिय घटना होने की आशंका बनी रहती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्मान कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## नहर की सफाई

*103 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला में तेघड़ा प्रखण्ड के भगवानपुर पाली चौर, गौड़ा चौर होते हुए कठोरिया नदी तक नहर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नहर के आस-पास के किसानों को पटवन में यह नहर काफी उपयोगी है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त नहर की वर्षो से उड़ाही नही होने के कारण नहर में गाद जम गया है;

(घ) क्या यह सही है कि नहर में गाद जम जाने के कारण नहर में पानी नही रहता है, साथ ही नहर में पानी नही होने के कारण किसानों को पटवन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ाता है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त नहर से गाद निकालने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*104 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के अकबरपुर अंचल अन्तर्गत ग्राम मानपुर के खाता नं०- 82 और प्लॉट नं०- 624 में स्थित कब्रिस्तान में सैकड़ों कच्ची कब्र और अनेक पक्का मजार के साथ ही कर्बला भी बना हुंआ है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड ''क'' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार प्रश्नगत कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने पर विचार

*105 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प.चम्पारण जिला अन्तर्गत नगर परिषद् बगहा के वार्ड नं.-15 से 35 तक आंगनबाड़ी केन्द्र अभी तक नही खुला है;

(ख) क्या यह सही है कि नगर परिषद् बगहा के वार्ड नं.-1 से 14 तक आंगनबाड़ी

केन्द्र चल रहा है;

(ग) यदि उपर्युत खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वार्ड नं.-15 से 35 तक आंगनबाड़ी केन्द्र खोलना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं ,तो क्यों नही ?

----

## प्रोत्साहन देने का विचार

*106 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है पर्यावरण संरक्षण हेतु वायु प्रदूषण कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रचलन बढ़ा है और पब्लिक ट्रांसपोर्ट में इलेक्ट्रिक बसों का उपयोग शुरु हो चुका है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार के पास इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई कार्य योजना है, साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग हेतु वित्तीय प्रोत्साहन देने का विचार रखती है?

----

## रैम्प ढाला का निर्माण

*107 **प्रो. (डा.) रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर- कोइलवर तटबंध 1979-80 ई०में बना था, जिसके किनारे सघन आबादी वाले गांव गंगौली के पास रैम्प ढाला आज तक नहीं बनाया गया है,

(ख) क्या यह सही है कि बाँध से उतरकर खेत में जाने के लिए ग्रामीणों ने मिट्टी काट कर कच्चा रास्ता बनाया है,जिससे ट्रैक्टर और हार्वेस्टर भी उतरता है, और कभी-कभी दुर्घटना भी हो जाती है;

(ग) क्या यह सही है कि गंगौली ग्राम से कुछ दूर पूर्व में बना ढाला भी बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है और ट्रैक्टर आदि जाने लायक नही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार गंगौली में नये रैम्प ढाला का निर्माण और दूसरे क्षतिग्रस्त ढाले का जीर्ण द्वार कब तक कराना चाहती है?

----

## वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी

*108 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि हर शनिवार को कैदियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट में पेशी की जा रही है, जिसके फलस्वरुप सुरक्षा के साथ-साथ खर्चे में कमी, अवैध आपत्तिजनक पदार्थ का जेल में आना बंद हो जाएगा,

(ख) क्या यह सही है कि सरकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी होने से बंदी के बीमारी का बहाना नहीं चलेगा तथा पुलिस एवं संसाधन फिजिकल पेशी में लगाया जाता है जिसकी बचत होगी ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सभी कैदियों की कोर्ट में पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक ?

----

## बंद पड़े नलकूप चालू कबतक

*109 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के बरारी प्रखण्ड अन्तर्गत काबर पंचायत में कृषकगणों के सिचाई सुविधा के निमित पूर्व से स्थापित नलकूप का विगत चार वर्ष पूर्व विभाग के द्वारा मोटी रकम खर्च कर जीर्णोद्वार किया गया ,परन्तु चालू नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि स्थापित नलकूप चालू संयंत्र को सुचारु से चालू नहीं रहने से चलते नलकूप पडे़-पडे़ बेकार हो रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि नलकूप चालू नहीं रहने के चलते कृषकागणों को महंगी कीमत लगाकर अपने खेत में सिचाई करनी पड़ रही है;

(घ) यदि उपर्युकत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आगामी फसल की सिंचाई के लिए खराब पड़े नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है यदि हाँ तो कब तक ?

----

## संयुक्त इंस्पेक्शन

***110 श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला के विभिन्न प्रखंडों का ग्राउंड वाटर असेसमेंट 2017 के आधार पर वर्गीकृत किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राउंड वॉटर रिसोर्सेस असेसमेंट 2024 प्रस्तावित है, जिसमें भू-जलीय परिदृश्य का आकलन होना है;

(ग) क्या यह सही है कि मेसर्स बिहार सीमेंट प्लांट, औरंगाबाद का भूगर्भीय जल दोहन के संयुंक्त इंस्पेक्श्न करने हेतु केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, पटना के द्वारा एक अधिकारी नामित करने हेतु पत्राचार किया गया है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो सरकार कब तक वर्णित जिला में संचालित बिहार सीमेंट प्लांट के संयुक्त इंस्पेक्शन कराने के साथ-साथ जिला में ग्राउंड वॉटर रिसोर्सेस असेसमेंट 2024 करना चाहती है?

----

## योजना की स्वीकृति

***111 श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **योजना एवं विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत श्री दिलीप राय स०वि०स० ने सीतामढ़ी जिला के नगर परिषद् जनकपुर रोड में स्वतंत्रता सेनानी रघुनी गोप चौक गोलंबर के सौंरयीकिरण हेतु आवंटन अनुशंसित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला योजना पदाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा अंचल अधिकारी पुपरी से NOC मांगा गया जिसके बाद अंचलाधिकारी ने दिनांक 19.10.2022 को ही प्रतिवेदन भेज दिया है;

(ग) क्या यह सही है कि जिला योजना पदाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा उक्त योजना हेतु एल०ए०ई०ओ० सीतामढ़ी से प्राकलन मांगा गया और कार्यपालक अभियंता द्वारा डेढ़ वर्ष पूर्व प्राकलन भेजा जा चुका है;

(घ) क्या यह सही है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पुनः कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग सीतामढ़ी से प्रतिवेदन मांगा और कार्यपालक अभियंताता द्वारा 25.10.2023 को भेज दिया गया फिर भी योजना स्वीकृत नहीं हुई है;

(ङ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो क्या सरकार कब तक उपरोक्त योजना की स्वीकृति देना चाहती है और डेढ़ वर्ष तक योजना को लबित रखने वाले दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कारवाई करना चाहती है, अगर हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## नहर चालू कब-तक

*112 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिले के वंशी प्रखंड अन्तर्गत मलहद-भगवतीपुर नहर का निर्माण वर्ष 1972 में ही हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नहर के कुछ भाग में भूमि का अधिग्रहण नहीं हो पाया है, जिस कारण यह नहर बंद पड़ा हुआ है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो क्या सरकार शीघ्र बाकी बची भूमि का अधिग्रहण कर उक्त नहर को चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## डी०पी०आर की स्वीकृति

*113 **श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **वित्त विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि खग़डिया जिला अंतर्गत अलौली प्रखंड के गढ़ घाट रामपुर अलौली में करेह नदी में पुल निर्मान कार्य हेतु ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा डी०पी०आर० वित्त विभाग को भेजा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि डी०पी०आर० का वित्त विभाग द्वारा मंजूरी अब तक नहीं मिलने के कारण पुल निर्माण हेतु आगे की प्रक्रिया बाधित है;

(ग) यदि उपर्युत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि वित्त विभाग ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा भेजे गये डी०पी०आर० की स्वीकृति प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## पुल का निर्माण

*114 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत रोहतास प्रखंड के बकनौरा पंचायत

में सुन्दरगंज टोला के पास अवसानी नदी पर पुल (ब्रिज) निर्माण की अति आवश्यकता है;

(ख) क्या यह सही है कि पुल निर्माण नही होने के कारण चार पंचायत समहुता, बकनौरा,नावाडीह एवं नगर पंचायत रोहतास के दर्जनों गांवों को स्वास्थ्य, शिक्षा, की कटिनाई के साथ ही किसान, मजदूर, लोगों को बहुत लम्बी दूरी होकर अभी भी जाना हो रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि इस समस्या से सभी विभागीय पदाधिकारी एवं जिला अधिकारी को सूचना किया दी गयी है, लेकिन अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो क्या सरकार चार पंचायत को आपस में जोड़े रहने के लिए अवसानी नदी पर पुल निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----